महत्वपूर्ण एवं खास

जेल के बाहर चाकूबाजी, गिरफ्तार आरोपी को चाकू मारकर भागे दो युवक

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के सेंट्रल जेल के बाहर चाकूबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस की मौजूदगी में सेंट्रल जेल के बाहर दलदल सिवनी में हुई चाकूबाज़ी में गिरफ़्तार आरोपी त्रिशाल दुबे उफर् प्रिंस दुबे के भाई हर्षद दुबे को जेल दाखिल करने के दौरान जेल के बाहर दो युवक मिलने के बहाने पहुंचे और चाकू मारकर फरार हो गए। पुलिस ने मामलें में फरार दो आरोपियों की तलाश करने में लगी है। युवक को गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार कोर्ट से पीछा करते हुए दो युवक जेल तक पहुंचें थे तथा मिलने के बहाने करीब आये और चाकू मारकर भाग गये। चाकूबाज युवकों का नाम युवराज सिंह और सूरज चौरे बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय मिलेट मिशन के तहत कृषि विभाग के अधिकारी दे रहे कोदो, कुटकी, रागी फसल के संबंध में जानकारी

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट मिशन 2022-23 अंतर्गत रागी फसल के 758 हेक्टेयर क्षेत्राच्छादन का लक्ष्य है। जिनमें 436 हेक्टेयर क्षेत्र में पूर्ति किया जा चुकी है। जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट मिशन के तहत स्कूलों एवं महाविद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच मिलेट की फसल की खेती, उनके गुण, पोषक तत्व की जानकारी दी जा रही है। साथ ही रागी से बनने वाले पकवान एवं उनके लाभ से अवगत करा रहे हैं। इस फसल में कार्बोहाइट्रेट खनिज, विटामिन, प्रोटीन एवं विशेष तत्व मौजूद होते हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा राजनांदगांव विकासखंड बघेरा स्कूल व पटेवा स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल जंगलपुर, डोंगरगांव विकासखंड के डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव, हायर सेकेण्डरी स्कूल बीजेभाठा व हायर सेकेण्डरी स्कूल आसरा, डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बधियाटोला तथा छुरिया विकासखंड के साल्हेटोला, घूपसाल एवं जोशीलमती हायरसेकण्डरी स्कूल में कोदो, कुटकी, रागी फसल के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, स्कूल व कालेज के स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने किसान सम्बोध के घर स्वादिष्ट छत्तीसगढ़िया भोजन का चखा स्वाद

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री ने ग्राम खैरी निवासी किसान सम्बोध सिंगरौल के घर स्वादिष्ट छत्तीसगढिया भोजन का चखा स्वाद। खाने में परोसा गया मुरकु, बिजौरी, तिवरा भाजी और चिरपोटी पताल की चटनी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विधानसभा के ग्राम खैरी पहुंचे। मुख्यमंत्री ग्राम खैरी में अपने भेंट मुलाकात के पहले किसान सम्बोध सिंगरौल के आतिथ्य में भोजन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री का किसान सिंगरौल के परिवारजनों ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती किया और पुष्प-गुच्छ तथा शाल भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सिंगरौल परिवार के सदस्यों द्वारा सादगी के साथ परोसे गए स्वादिष्ट छत्तीसगढ़िया भोजन का स्वाद चखा। सिंगरौल परिवार ने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ लाल और पालक की मिक्स भाजी, तिवरा भाजी, मुनगा-बड़ी की सब्जी, सेमी-भांटा की सब्जी, बिजौरी, मुरकु, पापड़, सलाद और विशेष रुप से चिरपोटी पताल की चटनी भी परोसा। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट छत्तीसगढिया भोजन के लिए सिंगरौल एवं उनके परिवार को उपहार भेंटकर धन्यवाद दिया।

राज्य में धान खरीदी का आंकड़ा 100 लाख मीट्रिक टन के पार

❒ **छत्तीसगढ़ में हर साल बन रहा है धान खरीदी का नया कीर्तिमान - मुख्यमंत्री**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर जिले की तखतपुर विधानसभा के खैरी गांव में भेंट-मुलाकात को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हर साल धान खरीदी का नया कीर्तिमान बन रहा है। इस वर्ष अब तक 100 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है। नई राज्य सरकार के गठन के बाद पहले साल 84 लाख मीट्रिक टन, दूसरे साल 93 लाख मीट्रिक टन, तीसरे साल 97 लाख मीट्रिक टन। किसानों को 3 दिन में ही धान का पैसा मिल जाता है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के बारे में पूछा और कहा कि अभी 3 क़िस्त दे चुके हैं, तीसरी क़िस्त दीवाली के समय दिए, चौथी क़िस्त 31 मार्च को देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबकी आय में वृद्धि हो। किसान मजदूरों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए हमने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। स्कूलों के जीर्णोद्धार, आईटीआई केंद्रों के उन्नयन के लिए हमने बजट में प्रावधान किया। हमारा यह प्रयास है कि सभी की आर्थिक उन्नति होनी चाहिए। आस्था केंद्रों के विकास के लिए हमने प्रयास किया। राम वन गमन पथ, हरेली तिहार, तीज पर्व पर अवकाश घोषित किया। फुगड़ी जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहल राज्य है, जहां भूमिहीन मजदूरों को सालाना 7 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां कोदो-कुटकी और रागी समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं राज्य गीत "अरपा पैरी के धार" के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत की। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज खैरी में कार्यक्रम हो रहा है।

यहां योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन जानने आया हूं। भेंट-मुलाकात के माध्यम से सभी से बात करेंगे और जानेंगे कि जमीनी स्तर पर काम हुआ कि नहीं। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से ऋण माफी और समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों से जानकारी ली। गोधन न्याय योजना पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि गोबर से दिए, गमले, गौकाष्ठ और अब गोबर से पेंट भी बना रहे हैं जिससे शासकीय भवनों की रँगाई पुताई की जा रही है। अब हम गोबर से बिजली बनाने की भी तैयारी कर रहे हैं।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क युवाओं को मिलेगा रोजगार- प्रदेश में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। रीपा में परम्परागत कार्य करने वाले हमारे मेहर समाज, सेन समाज, धोबी समाज, देवांगन समाज के लोगों को स्थान, शेड एवँ प्रशिक्षण देकर उनके व्यवसाय को पुनर्जीवित करने का प्रयास हमारी सरकार कर रही है।

को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजर को दिए कैश लिमिट बढ़ाने के निर्देश- भेंट-मुलाकात में भूपेंद्र श्रीवास ने बताया कि उनकी 5 एकड़ जमीन है, एक लाख 2 हजार रुपए की ऋण माफी हुई। इस साल का धान बेच लिया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 3 क़िस्त मिल गई, इसका राशि का उपयोग उन्नयन कार्य में किया। संजय कौशिक ने बताया कि उनकी 3.5 एकड़ जमीन है। तखतपुर को-ऑपरेटिव बैंक में एक बार में केवल 49 हजार रुपए तक पैसे देते हैं। उनकी बात सुनकर मुख्यमंत्री ने को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजर को कैश लिमिट बढ़ाने के निर्देश दिए।

गन्ना से एथेनॉल बनाने का प्लांट जून तक होगा शुरू- भेंट-मुलाकात में किसान द्वारा गन्ना की फैक्ट्री लगाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया और कहा कि गन्ना से एथेनॉल प्लांट बनाने की कार्रवाई की जा रही है। जो जून में शुरु हो जाएगा। मक्के से एथेनॉल बनाने का प्लांट भी जल्द ही शुरु होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इसी तरह धान से एथेनॉल का प्लांट लगाना चाहती है लेकिन केन्द्र द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही।

तहसीलदार को तत्काल जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश- मुख्यमंत्री द्वारा जाति प्रमाण पत्र के बारे में पूछे जाने पर दिलीप कुमार छेदाम ने कहा कि मेरा प्रमाण पत्र बन गया है, लेकिन मेरे बेटे को सकरी तहसीलदार द्वारा प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा, इस पर मुख्यमंत्री ने तहसीलदार को मौके पर बुलाकर आज ही प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। परदेशी दास मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के 3 क़िस्त मिली है, 6 हजार मिला। योजना की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में पहला राज्य है जहां यह योजना लागू है।

उमा देवी यादव ने एक लाख का गोबर बेचा- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिए छात्रा राजनंदिनी माथुर ने अंग्रेजी में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उमा देवी यादव ने बताया एक लाख के गोबर बेची, 2 लाख 80 हजार का वर्मी कम्पोस्ट बनाया। इनसे हुई आमदनी से 2 गाय खरीदी और बाकी पैसे बच्चों की पढ़ाई में लगाया। वर्मी कम्पोस्ट से मिली राशि से गहना ली है।

महिला समूह ने मछली पालन कर 10 महीने में ही कमाए 13 लाख रुपए

❒ **छत्तीसगढ़ में मछली पालन को खेती का दर्जा मिलने से उत्साहित है, मत्स्य पालक**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मछली पालन को खेती का दर्जा मिलने से मछली पालन के लिए सुविधाओं में जहां वृद्धि हुई हैं, वहीं इस व्यवसाय से राज्य में कई महिला स्व-सहायता समूह जुड़ रही हैं। सरगुजा जिले की ऐसी ही एक महिला समूह है जिन्होंने कुंवरपुर डैम में केज कल्चर विधि से मछली पालन कर केवल 10 महीनों में 13 लाख रूपए की आमदनी अर्जित की है।

सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत कुंवरपुर में एकता स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मानकुंवर पैकरा ने बताया कि केज कल्चर विधि से मछली पालन के लिए मत्स्य विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन मिला और समूह में तिलापिया और पंगास मछली का पालन शुरू किया। उनके समूह ने लगभग 10 माह पहले मछली पालन करना शुरू किया था। अब तक लगभग 13 लाख रुपये का मछली बेचा है। इसके साथ ही लगभग 4 लाख के मछली बिक्री के लिए तैयार हो गए हैं। मछली पालन से सभी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

श्रीमती पैकरा बताया कि मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उन्हें 18 लाख का अनुदान दिया गया था। इसके पश्चात उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए कलेक्टर कुंदन कुमार ने डीएमएफ से 12 लाख का अनुदान प्रदान किया। समूह के द्वारा प्राप्त अनुदान से कुंवरपुर जलाशय में केज कल्चर मछली पालन का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि मछली पालन के साथ ही समूह की महिलाएं गोठान में विभिन्न प्रकार के रोजगारमूलक कार्य भी करती हैं। मानकुंवर का कहना है कि उन्हें शासन के बिहान योजना के द्वारा रोजगार का जरिया मिल गया। इस सहायता के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मत्स्य बीज उत्पादन में पॉचवे और मत्स्य उत्पादन में देश के छठवें स्थान पर हैं। प्रदेश में पिछले चार सालों में मत्स्य बीज उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब इसका उत्पादन 302 करोड़ स्टेण्डर्ड फ्राई हो गया है। साथ ही मछली पालन करने वाले किसानों को 40 से 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। राज्य में नील क्रांति और प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के माध्यम से 9 चायनीज हेचरी और 364.92 हेक्टेयर संवर्धन क्षेत्र नया निर्मित हुआ है। इससे राज्य में मत्स्य उत्पादन में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह अब बढक़र 5.91 लाख टन हो गया है।

राज्य में पिछले चार वर्षों में 2400 से ज्यादा तालाब बनाए जा चुके हैं। इसी के साथ जलाशयों और बंद पड़ी खदानों में अतिरिक्त और सघन मछली उत्पादन के लिए 6 बाय 4 बाय 4 मीटर के केज स्थापित करवाए गए है। चार वर्षों में 3637 केज स्थापित हुए है।

अपनी ही कंपनी के गोडाउन में चोरी, असिस्टेंट एक्सक्युजिटिव गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। मोबाईल स्पेयर पार्ट के गोदाम से पार्टस की चोरी करने के मामले में पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने कंपनी के असिस्टेंट एक्सक्युजिटिव को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसारथाना एस्लेस डिजिटल सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड गोडाउन ईश्वरी प्लाजा शाप नंबर 1-2 मरीन ड्राईव के सामने तेलीबांधा रायपुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत मोह. ईरशाद अहमद ने तेलीबांधा में अपनी कंपनी के असिस्टेंट एक्सक्युजिटिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। मोह. ईरशाद अहमद ने पुलिस को बताया कि उसकी कंपनी का का कार्य ओप्पो मोबाईल का सर्विस देना है तथा एक ऑफिस राजा तालाब सिविल लाईन में भी है। मोबाईल का स्पेयर पार्ट दिल्ली से प्रार्थी के राजा तालाब सिविल लाईन वाले आफिस में आता है जिसके बाद प्रार्थी के ईश्वरी प्लाजा शाप नंबर 1-2 गोडाउन का स्टॉफ उसे प्राप्त करते है। इस कार्य के लिए कम्पनी द्वारा सुबोध कुमार गंगबोरे को असिस्टेंट एक्सक्युजिटिव के पद पर नियुक्त किया गया था जिनका कार्य मोबाईल के स्पेयर पार्टस को प्राप्त कर गोदाम मे सुरक्षित रखना था तथा सप्लाई निर्देशानुसार छग के सभी ओप्पो मोबाईल कम्पनी सर्विस सेन्टरो में की जाती है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग 2023

आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने एनपीएल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

रायपुर (आरएनएस)। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन नवा रायपुर ग्राम राखी के मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवम् मंत्रालय से 38 टीमें शामिल हो रही हैं।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक रामसागर कौशले ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही शासकीय कार्यों के बोझ से समय निकालकर मानसिक, शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि करना है।

मंत्री कवासी लखमा ने शानदार टूर्नामेंट के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए शासन द्वारा विगत चार वर्षों में लागू किए विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रदेश में छत्तीसगढ़ी खेलों के सफल आयोजन कराने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के लिए आम लोगों से निरंतर सहयोग करने की अपील की गई।

आदिवासी कन्या आश्रम तखतपुर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री

❒ **छात्रावास में कक्षा पहली से पांचवी की 37 बच्चियां है निवासरत**

❒ **मुख्यमंत्री ने छात्रावास की आवासीय सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही छोटी-छोटी बच्चियों से बात की। उन्होंने बच्चियों के से पढ़ाई के बारे में पूछा और आश्रम में रहने के लिए सुविधाओं, भोजन, सुरक्षा, खेल-मनोरंजन के इंतज़ामों की जानकारी ली। इस दौरान बच्चियों की हाजिऱ जवाबी से मुख्यमंत्री खासे प्रभावित हुए। पहली से पाँचवीं क्लास में पढ़ रही बच्चियों का आत्मविश्वास और पढ़ लिखकर आगे बढऩे की ललक की मुख्यमंत्री ने सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूर दराज के इलाक़ों से आकर इस आश्रम में पहली से पाँचवी क्लास में पढऩे वाली 36 बच्चियाँ अपना घर परिवार - अपने माता पिता को छोडक़र यहाँ रह रही है। पढऩे के इस जुनून की मुख्यमंत्री ने भी तारीफ़ की और कहा कि अब छतीसगढ़ को देश का सबसे विकसित राज्य बनने से कोई रोक नहीं सकता। बच्चों ने बताया की आश्रम में सब सुविधाएँ है। सोने के लिए बढिय़ा बिस्तर पलंग है। पूरे समय पानी आता है। खाना भी अच्छा मिलता है। अंडा भी खाने को दिया जाता है। बालिकाओं ने बताया की अधीक्षिका और सुरक्षा के लिए गार्ड दीदी भी साथ ही रहती है। दीक्षा ने बताया कि कपड़े धोने के लिए आश्रम में वाशिंग मशीन भी है।

कक्षा पांचवी की छात्रा सुनिधि ने बताया कि वह खपरी के प्राथमिक शाला में पढ़ाई करती है। स्कूल और आश्रम दोनों में ही बेहतर व्यवस्थाए मिल रही है। सुनिधि ने कहा कि स्कूल के सभी टीचर अच्छे हैं सभी विषयों को अच्छे से समझाते हैं वही आश्रम में भी खाने पीने और रहने की अच्छी सुविधाएं मिल रही है।

टेस्ट ड्राईविंग के दौरान कार लेकर फरार होने वाला आरोपी पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। टेस्ट ड्राईविंग के दौरान चारपहिया वाहन लेकर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से चोरी का वाहन बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नयापारा शंकर चैक गोलबाजार में रहने वाले विवेक प्रकाश सोनी ने थाना गोलबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी चारपहिया वाहन पजेरो क्रमांक सीजी 15 सी वाय 3100 को बेचना चाहता था जिसक लिये 15 जुलाई 2022 को भोजकुमार मण्डावी निवासी कांकेर के द्वारा उससे संपर्क किया गया तथा वाहन खरीदने हेतु कीमत के संबंध में पुछताछ की गई थी। जिसके बाद आरोपी ने उसकी कार को चला कर देखने की बात कही7 जिस पर उसने भोजकुमार मण्डावी को अपनी कार चलाने हेतु दिया किन्तु भोजकुमार मण्डावी लेकर फरार हो गया। इसके बाद जब उसने भोजकुमार मण्डावी के मोबाईल फोन में संपर्क कर कार की कीमत 9 लाख 50 हजार रूपये की मांग की तो भोजकुमार गोलमोल देकर घुमाने लगा। शिकायत पर जिस आरोपी भोजकुमार मण्डावी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 406 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे विवेक से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी के संबंध में भी पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्र करते हुए आरोपी को चिन्हांकित करने में सफलता मिली तथा प्रकरण में संलिप्त आरोपी कांकेर निवासी भोजकुमार मण्डावी को पकड़ कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त घटना को अंजात देना तथा चारपहिया वाहन को कांकेर में छीपाकर रखना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी भोजकुमार मण्डावी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चारपहिया वाहन पजेरो जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्ने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैधांतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिखरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री ने जिले को दी 705 करोड 57 लाख रूपए विकास कार्यों की सौगात

❒ **कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दो करोड़ रूपए से अधिक के पांच कार्यों का लोकार्पण और 705 करोड 57 लाख रूपए से अधिक के कार्यों का किया शिलान्यास**

कोरबा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत 17 जनवरी को जिले वासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री बघेल ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 02 करोड़ 21 हजार के पांच कार्यों का लोकार्पण और 705 करोड़ 57 लाख 82 हजार रूपए के 26 कार्यो का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस तरह कुल 707 करोड़ 57 लाख 82 हजार रूपए के कुल 31 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिन विकास कार्यों का कार्यों का लोकार्पण किया गया है उसमें कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में हरदी बाजार में उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण, सीएचसी कटघोरा में 10 बिस्तर के आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण, हरदी बाजार तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य का लोकार्पण, कटघोरा विकासखंड में वार्ड क्रमांक 10 में महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण, वार्ड क्रमांक 5 में समलाई मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है। लोकार्पण एवं शिलान्यास के दौरान कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत, कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहित राम केरकेट्टा, गौसेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

नवीनीकरण कार्य अंतर्गत दीपका रंजना से बिंझरी तक, दर्री से मोहरियामुड़ा, कसईपाली रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना, सिरली एनीकट का निर्माण कार्य (सिरकी) झांझ एनीकट का निर्माण कार्य (झांझ), झोंकानाला जलाशय योजना के स्लूस जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य, जिला कोरबा के कटघोरा में न्यायिक अधिकारियों के लिए 3 डी टाइप एवं 2 ई टाइप शासकीय आवास गृह का निर्माण, झांझ-गाड़ा घाट मार्ग में पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य, अजजा प्राथमिक स्तर कन्या आश्रम हरदी बाजार का भवन निर्माण कार्य (हरदी बाजार) विकासखंड कटघोरा अंतर्गत शासकीय विद्यालय छुरी का उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया गया।